ISSN 0972-5539

# मीना समाचार
# MEENA News

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का प्रकाशन

A PUBLICATION OF FISHERY SURVEY OF INDIA

खंड 30 संख्या 3 मुंबई जुलाई-सितम्बर 2013

## I. अनुसंधान क्षेत्र से

### अंडमान एवं निकोबार द्वीपों से येल्लो फिन टूना की पकड

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (भा.मा.स.) का पोर्ट ब्लेयर बेस से जुडे सर्वेक्षण जलयान *एम एफ वी ब्लू मार्लिन* ने 13° उ-93° पू के क्षेत्र से 2067 मी गहराई में येल्लो फिन टूना *थुन्नस अलबकेरस* (बोन्नटरे, 1788) की बम्बर पकड दर्ज की। 102 से 156 से मी के आकार सीमा की फोर्क लम्बाई में एवं 18-72 कि.ग्रा वजन के कुल 12 नमुने एकल सेट (625 हूक्स) पर 25 जुलाई 2013 को पकडा गया । एक बाराकुडा *स्फैरइना जेल्लो कुवियर, 1829*, एक डोलफिन फिश *कोरिफैना हिप्पुरस लिनिएस* 1758 एवं दो पेलाजिक स्टिंग रे *प्टेरोप्लाट्रिगोन बायोलसिया* (बोनापारटे,1832) भी उसी सेट से पकडी गई । जलयान अंडमान जल के पूर्वी भाग में नियमित महासागरीय संसाधन सर्वेक्षण कर रहा था । जुलाई 2013 माह के दौरान संसाधन सर्वेक्षण दर्ज किया है कि अंडमान समुद्र के अर्थात् माया बंदर से दूर उत्तर पूर्व 29-43 मील, पोर्ट कोर्नवालिस से दूर 29 मील दक्षिण पूर्व एवं आउटरम द्वीप के 20-26 मील उत्तर पूर्व, येल्लो फिन टूना मात्स्यिकी के लिए संभावित क्षेत्र है ।

**(श्री जी. वी. ए. प्रसाद, व. वैज्ञानिक सहायक, भा. मा. स का पोर्ट ब्लेयर बेस द्वारा सूचित )**

## II. बहिर्गमन और प्रशिक्षण

### क) सस्टेयिनबिलिटी की ओर बढ़ना - मछुआरों के हित के लिए पारस्परिक प्रशिक्षण कार्यशाला

मात्स्यिकी संसाधन प्रबंधन में संसाधन शोषण में सस्टेयिनबिलिटी एक आधारभूत पहलु है । भारतीय समुद्र में मात्स्यिकी संसाधनों के संपोषित शोषण एवं प्रबंधन हेतु उत्तरदायी होने के नाते, कृषि मंत्रालय ने भा. मा. स से संपोषित संसाधन शोषण की ओर मछुआरों के व्यावहारिक स्थानांतरण करने हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रारंभ करने का अनुदेश दिया है ।

मंत्रालय के अनुदेशों के प्रत्युत्तर में, भा. मा. स. ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दो दिवसीय ट्रायल रूपान्तर आयोजित किया एवं विविध संगठानों से विशेषज्ञों के साथ कार्यक्रम के मोड्यूल पर चर्चा की । कार्यक्रम का उद्देश्य संसाधन शोषण परिदृश्य के संबंध में प्रमुख प्रचालन कर्मियों में जानकारी पैदा करना एवं सस्टेयिनबिलिटी की ओर बढना था। पारस्पारिक क्रिया कार्यशालाओं का लक्ष्य मछुआरों में सस्टेयिनबिलिटी के एम्बसडर के रूप में प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देना था। समुद्री राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के मात्स्यिकी विभाग के साथ कार्यरत अधिकारियों, मात्स्यिकी संस्थानों से संकाय/अनुसंधान कर्ता/स्नातकोत्तर छात्रों, मात्स्यिकी सेक्टर में कार्यरत एन जी ओ, मछुआरे सहकारी समिति के अधिकारी एवं कार्यपालक कार्यक्रम हेतु लक्ष्य ग्रूप थे । प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एन एफ डी बी) हैदराबाद के वित्तीय समर्थन के साथ आयोजित किया गया था ।

प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यशाला चार राज्य तमिलनाडू (चेन्नई), केरल (कोच्चि) कर्नाटक (मैंगलूर) एवं गोवा (मार्मुगोवा ) में आयोजित की गई थी । कार्यसूची पर विचार करने पर विविध मोडयूल हेतु स्थानीय संस्थानों के विशेषज्ञ संकाय को नियुक्त किया गया । कार्यशाला के दौरान विविध प्रकार के विषयों पर जानकारी देने हेतु प्रतिभागियों ने अपना कृतज्ञता व्यक्त किए । उनको यह भी विश्वास हुआ है कि वे साधारण रीति से आरंभ स्तर में कार्यक्रम प्रारंभ कर सकतें हैं ।

जागरूकता कार्यक्रम से निकट भविष्य में भारतीय मात्स्यिकी में सस्टेयिनबिलिटी की ओर एक प्रणाली बदलने की आवशकता पर मछुआरों में जागरूकता पैदा करने के लिए सस्टेयिनबिलिटी के कुल 91 राजदुतों को तैयार किया ।

### चेन्नई में कार्यक्रम

इस क्रम के प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम 1-3 अगस्त 2013 के दौरान सम्मेलन कक्ष, भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का चेन्नई बेस, चेन्नई में आयोजित किया गया ।



कार्यक्रम का उद्‌घाटन डॉ. पॉल राज, सचिव, जलकृषि प्राधिकारी द्वारा किया गया । मात्स्यिकी विभाग, तमिलनाडू, सी एम एफ आर आई, एम्पीडा, सिफनेट, एम एस एस आर एफ एवं भा. मा. स. के बीस प्रतिभागियों को कार्यक्रम से लाभ हुए । डॉ. वाई. एस. यादव, निदेशक, बी ओ बी पी-आई जी ओ समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि रहे ।

### कोच्चि में कार्यक्रम

इस क्रम के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के कोच्चिन बेस के सम्मेलन कक्ष, कोच्चि में 6-8 अगस्त 2013 के दौरान संपन्न हुआ । कार्यक्रम का उद्‌घाटन डॉ. के. विजयकुमारन, महानिदेशक, भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण द्वारा किया गया । एम्पीडा, सिफनेट, सी एम एफ आर आई, कुफोस, सिफ-कुसाट, एस एम एस-कुसाट एवं भा. मा. स. से कुल 21 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया । डॉ. ए. रामचन्द्रन, निदेशक, औद्योगिक मात्स्यिकी स्कूल, कुसाट समापन सत्र के अतिथि रहे ।

### मैंगलूर में कार्यक्रम

इस क्रम के तीसरे प्रशिक्षण कार्यक्रम 3-5 सितंबर 2013 के दौरान भारतीय भौगोलिक सर्वेक्षण के ऑडिटोरियम, मैंगलूर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्‌घाटन डॉ. के. एम. शंकर, डीन, मात्स्यिकी कॉलेज, मैंगलूर द्वारा किया गया । मात्स्यिकी विभाग, कर्नाटक, मात्स्यिकी कॉलेज, मैंगलूर एवं एम्पीडा से 22 प्रतिभागियों थे । डॉ. दिनेश बाबु, एस आई सी, सी एम एफ आर आई का मैंगलूर अनुसंधान केन्द्र एवं श्री एस कण्णन, उप महानिदेशक, जी एस आई, मैंगलूर समापन समारोह के अतिथि थे ।

### गोवा में कार्यक्रम

इस क्रम के चौथे प्रशिक्षण कार्यक्रम भा. मा. स के मार्मुगोवा बेस के सम्मेलन कक्ष में 24-26 सितंबर 2013 को हुआ । कार्यक्रम का उद्‌घाटन डॉ. एस. राजन, निदेशक, राष्ट्रीय अन्टार्कटिक महासागर अनुसंधान केन्द्र (एन सी ए ओ आर) द्वारा किया गया एवं डॉ. शमिला मोन्टेरियो, मात्स्यिकी निदेशक, गोवा सरकार द्वारा शोभा बढाई । मात्स्यिकी विभाग, गोवा, एन आई ओ, आई सी ए आर, एम्पीडा, गोवा विश्वविद्यालय एवं भा. मा. स के कुल 28 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। श्री दीपक शाह, उप निदेशक, समुद्री अध्ययन संस्थान, गोवा समापन सत्र के मुख्य अतिथि रहे ।

### अ) पोर्ट ब्लेयर बेस में क्षेत्रीय कार्यशाला

विस्तार कार्यक्रम के हिस्सा के रूप में, अंडमान एवं निकोबार द्वीपों के समुद्री मात्स्यिकी संसाधन एवं विविधीकृत मत्स्यन प्रणलियों पर एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला मात्स्यिकी निदेशालय, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के सहयोग से भा. मा. स के पोर्ट ब्लेयर बेस में आयोजित की गई। कार्यशाला 5 सितंबर 2013 को नील केन्द्र ग्राम पंचायत हॉल, नील द्वीप, दक्षिण अंडमान में आयोजित की गई । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के स्थानीय मछुआरों में मात्स्यिकी संसाधनों के इष्टतम उपयोग की जानकारी पैदा करना था । श्री दिलीप कुमार, प्रधान, ग्राम पंचायत नील द्वीप, दक्षिण अण्डमान मुख्य अतिथि थे एवं श्री सी हमज़ा, सहायक मात्स्यिकी विकास अधिकारी, दक्षिण अंडमान ने उद्‌घाटन समारोह की अध्यक्षता की । बेस के वैज्ञानिकों ने कार्यशाला के दौरान तकनीकी शोध पत्र प्रस्तुत किए ।

### बी) मुम्बई बेस में क्षेत्रीय कार्यशाला :

स्थानीय मछुआरों के हित के लिए महाराष्ट्र तट एवं मोनोफिलमेंट टूना लॉग लाइन पर एक क्षेत्रीय कार्यशाला एवं एक प्रदर्शनी 13 अगस्त 2013 को मुरुड जंजीरा, महाराष्ट्र में आयोजित की गई । कार्यशाला का उद्‌घाटन श्री मोतीराम छाया पाटील, अध्यक्ष, हनुमान मछीमार सहकारी संस्था मर्यादित, एकदरा, मुरुड ने किया । उद्‌घाटन समारोह की अध्यक्षता श्री पी. सिवराज, क्षेत्रीय निदेशक, भा. मा. स. का मुम्बई बेस ने किया । कुल 120 मछुआरों ने कार्यशाला में भाग लिया ।

### सी) मार्मुगोवा बेस में क्षेत्रीय कार्यशाला

भा. मा. स. का मार्मुगोवा बेस ने गोवा के समुद्री मात्स्यिकी संसाधन संरक्षण, प्रबन्धन और विकास के लिए संपोषणीय उपयोग पर एक क्षेत्रीय कार्यशाला 27 सितंबर 2013 को मन्डोवी मछुआरा सहकारी समिति हॉल, पणजी, गोवा में आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्‌घाटन डॉ. (श्रीमती) शर्मिला मोन्टेरियों, मात्स्यिकी निदेशक, गोवा सरकार, ने की एवं श्री मेनिनो अफोन्सो, अध्यक्ष, मंडोवी मछुआरा विपणन सहकारी संघ, मालिम, पणजी, गोवा ने समारोह की अध्यक्षता की। मछुआरे सहकारी समिति नाव मालिक संघ, मार्केटिंग फेडरेशन, मात्स्यिकी विभाग के मात्स्यिकी अधिकारी/कर्मचारी सदस्य, गोवा सरकार, आय सी ए आर वैज्ञानिक, गोवा विश्वविद्यालय के कर्मचारी एवं भा. मा.स. से कुल 114 प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लिया । संपोषणता, संरक्षण एवं प्रबंधन मामलों पर नौ शोध पत्र कार्यशाला में प्रस्तुत किए गए ।

## III. राजभाषा कार्यान्वयन

### हिन्दी टंकण में प्रशिक्षण

श्री विकास मिश्रा, एल डी सी एवं श्री राकेश कुमार, एल डी सी ने हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत हिन्दी टंकण परीक्षा जुलाई 2013 में क्रमशः 100% एवं 76% अंकों के साथ उत्तीर्ण की । उनको नकद पुरस्कार एवं वैयक्तिक वेतन प्राप्त हुआ ।

### पुरस्कार

श्री एन वरधन, कार्यालय अधीक्षक को राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टोलिक), पोर्ट ब्लेयर, अंडमान एवं निकोबार द्वीप द्वारा राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

### हिन्दी कार्यशाला

- भा .मा. स. के मुम्बई बेस में 25 जुलाई 2013 एवं 27 सितंबर 2013 को क्रमशः हिन्दी पत्राचार, मानक वर्तनी एवं हिन्दी व्याकरण पर हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई । डॉ सुनीता यादव, सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना, बेलापूर, नवी मुम्बई, दोनों कार्यशालाओं में संकाय थी । सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सदस्यों ने कार्यशाला में भाग लिया ।

- भा. मा. स., मुम्बई (मुख्यालय) में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला 4 सितंबर 2013 को आयोजित की गई। श्री राजेद्र सिंह, हिन्दी प्राध्यापक, हिन्दी शिक्षण योजना ने संकाय के रूप में सेवा की एवं हिन्दी पत्राचार और व्याकरण पर व्याख्यान दिया। इक्कीस कर्मचारियाँ कार्यशाला से लाभान्वित हुए।
- राजभाषा नीति, इसका कार्यान्वयन एवं यूनिकोड पर हिन्दी कार्यशाला 19 सितंबर 2013 को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मार्मुगोवा बेस में आयोजित की गई । श्री अनिरबन बिस्वास, राजभाषा अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इन्डिया, पणजी, गोवा विदग्ध व्यक्ति थे ।
- भा. मा. स. के विशाखपट्टणम बेस का सम्मेलन हॉल में 26 सितंबर 2013 को एक हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई । श्रीमती ए भाग्यलक्ष्मी, सहायक निदेशक (राजभाषा), ईर्स्टन नेवल कमान्ड, नेवल बेस विशाखपट्टणम, ने हिन्दी विकास एवं उपयोग पर एक व्याख्यान दिया ।
- राजभाषा कार्यान्वयन के एक हिस्से के रूप में एक हिन्दी कार्यशाला भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का पोर्ट ब्लेयर बेस में 28 सितंबर 2013 को आयोजित की गई । श्री बाशुदेब दास, हिन्दी अधिकारी, कोलकत्ता पोर्ट ट्रस्ट उपर्युक्त अवसर पर विदग्ध व्यक्ति रहे । राजभाषा, नियम एवं संकल्पना प्रक्रिया, दैनंदिन सरकारी कार्य में हिन्दी, कार्यशाला के दौरान प्रतिपादित मुख्य विषय थे ।

## हिन्दी दिवस एवं हिन्दी पखवाड़ा समारोह

- भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई (मुख्यालय) ने 16 सितंबर 2013 को हिन्दी दिवस एवं 16-30 सितंबर 2013 तक हिन्दी पखवाडा आयोजित किया । डॉ. के विजयकुमारन, महानिदेशक ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया । डॉ. अनंत श्रीमाली, सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना, उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे । समारोह में एक हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया था । हिन्दी पखवाडे का समापन समारोह 30 सितंबर 2013 को भा. मा. स. मुम्बई (मुख्यालय) में संपन्न हुआ और इसकी अध्यक्षता डॉ. के. विजयकुमारन, महानिदेशक ने की । श्री विनोद कुमार शर्मा, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम क्षेत्र) विशिष्ट अतिथि थे । विशिष्ट अतिथि ने हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहन योजना के विजेताओं तथा विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया ।
- भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का मुम्बई बेस ने हिन्दी पखवाडा 14 सितंबर 2013 से 28 सितंबर 2013 तक आयोजित किया। पखवाडे के दौरान टिप्पणी एवं प्रारूपण, हिन्दी टंकण, तकनीकी शब्दावली आदि में विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । समापन समारोह 28 सितंबर 2013 को संपन्न हुआ तथा विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए ।
- भा. मा. स. मार्मुगोवा बेस में हिन्दी पखवाडा 14 सितंबर 2013 से 28 सितम्बर 2013 तक आयोजित किया गया । श्रीमती अनिता वी वेटी, शाखा प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मार्मुगोवा, गोवा 28.09.2013 को संपन्न समापन समारोह में मुख्य अतिथि रही ।
- भा. मा. स. का विशाखपट्टणम बेस ने 5-18 सितंबर 2013 तक हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया। डॉ वीरोत्तमा पटर, सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना, विशाखपट्टणम समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि रहे।
- भा. मा. स. का पोर्ट ब्लेयर बेस द्वारा हिन्दी पखवाडा 13-27 सितंबर 2013 तक आयोजित किया गया। डॉ. एल. रामलिंगम, क्षेत्रीय निदेशक, भा. मा. स., पोर्ट ब्लेयर द्वारा समारोह का उद्घाटन किया गया । हिन्दी पखवाडे का समापन समारोह 27 सितंबर 2013 को आयोजित किया गया । श्री दुर्ग विजय सिंह, उप निदेशक (समाचार) प्रसार भारती, पोर्ट ब्लेयर इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे ।

## IV. प्रशिक्षण/सेमिनार/कार्यशाला/परिसंवाद/बैठकों/सम्मेलनों में भागीदारी

### अंतर्राष्ट्रीय

- डॉ. अंशुमन दास, क. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने महासागर के संसाधनों एवं सुरक्षा के लिए ऑस्ट्रेलिया राष्ट्रीय केन्द्र वूल्लोनगोंग विश्वविद्यालय, न्यू साऊथ वेल्स, ऑस्ट्रेलिया में 24 जून से 12 जुलाई 2013 तक ए यू एस ए आई डी, ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा निधीकृत ऑस्ट्रेलियन लीडरशिप पुरस्कार फेल्लोशिप (ए एल ए एफ)-2013 में भाग लिया।
- श्री सी बाबु व. वैज्ञानिक सहायक ने 2 जुलाई 2013 से 5 जुलाई 2013 तक बाली, इन्डोनेशिया में नेरिटिक टूना पर आई ओ टी सी कार्य दल के तीसरे सत्र में भाग लिया ।
- डॉ. सिजो पी वर्गीस, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 12 सितंबर 2013 से 16 सितंबर 2013 की अवधि में ला रे यूनियन, फ्रान्स में पारिस्थितिक तंत्र एवं उप पकड पर आई ओ टी सी कार्य दल के नौवें सत्र में भाग लिया।
- डॉ. एम के सजीवन, क. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 18 सितंबर से 22 सितंबर 2013 तक की अवधि में ला रे यूनियन, फ्रान्स में बिल फिश पर आई ओ टी सी कार्यदल के ग्यारहवाँ सत्र में भाग लिया ।
- श्री ए. टिबूरशियस, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 25 सितंबर 2013 से 26 सितंबर 2013 तक की अवधि में ढाका, बॉंगलादेश में तकनीकी सलाहकारी समिति (बी ओ बी-आई जी ओ) में भाग लिया ।

### राष्ट्रीय

- डॉ. एस के नाईक, क्षेत्रीय निदेशक ने 25 जुलाई 2013 को आन्ध्र विश्वविद्यालय, विशाखपट्टणम में प्राणी विज्ञान बोर्ड के अध्ययन बैठक की वार्षिक बोर्ड में भाग लिया ।
- श्री के. एस. एन. रेड्डी, मत्स्यन गियर प्रौद्योगिकीविद् एवं डॉ. अंशुमन दास, क. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 20 अगस्त 2013 को सम्मेलन हॉल, सिफनेट, विशाखपट्टणम में संपोषित मत्स्यन की ओर राज्य स्तर परामर्शदात्री कार्यशाला में भाग लिया ।

- श्री शाहनवाज, क. हिन्दी अनुवादक ने 22 से 24 अगस्त 2013 तक माऊण्ट अबु, राजस्थान में संपन्न राकामी का तीसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में भाग लिया ।
- डॉ. एल रामलिंगम, क्षेत्रीय निदेशक ने भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के कार्यालय, पोर्ट ब्लेयर में 12 सितंबर 2013 को अण्डमान एवं निकोबार द्वीप में जैव विविधता के कार्यान्वयन पर परामर्श -सह चर्चा बैठक में भाग लिया ।
- डॉ. एल रामलिंगम, क्षेत्रीय निदेशक ने 13-14 सितंबर 2013 को भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, पोर्ट ब्लेयर द्वारा द्वीप जीवमंडल में जैवविविधता के मूल्य पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया एवं अंडमान एवं निकोबार द्वीप के अनन्य आर्थिक क्षेत्र में समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

## VII. प्रशासनिक समाचार

### नियुक्तियाँ

- श्री रोशन कुमार, को व. नाविक के पद में 01 अगस्त 2013 के प्रभाव से भा. मा. स. के मार्मुगोवा बेस मे नियुक्त किया गया ।
- श्री कृष्ण कुमार को क. नाविक के पद में 06 अगस्त 2013 के प्रभाव से भा. मा. स. के मार्मुगोवा बेस में नियुक्त किया गया ।
- श्री जी रवी कुमार, श्री एस. राजेश कुमार, श्री एम. योगेश्वर राव एवं श्री बी वीरा प्रकाश को व. नाविक के पद में 07 अगस्त 2013 के प्रभाव से भा. मा. स. के पोर्ट ब्लेयर बेस में नियुक्त किए गए ।
- श्री के. मूनियासामी एवं श्री टोबियस दुंग दुंग को क. नाविक के पद में 07 अगस्त 2013 के प्रभाव से भा. मा. स. के पोर्ट ब्लेयर बेस में नियुक्त किए गए ।
- श्री टी. पी. रतीश को कार्पेंटर के पद में 14 अगस्त 2013 के प्रभाव से भा. मा. स. के कोच्चिन बेस में नियुक्त किया गया ।
- श्री आर. रंजित को व. नाविक के पद में 20 अगस्त 2013 के प्रभाव से भा. मा. स. के मार्मुगोवा बेस में नियुक्त किया गया ।
- श्री अशोक एस कदम को मात्स्यिकी वैज्ञानिक के पद में 06 सितंबर 2013 के प्रभाव से नियुक्त किया गया एवं भा. मा. स. के मार्मुगोवा बेस में तैनात किया गया ।
- श्री आशिम मोंडल को ग्रीझर ग्रेड-। के पद में 06 सितंबर 2013 के प्रभाव से भा. मा. स. के पोर्ट ब्लेयर बेस में नियुक्त किया गया ।
- श्री प्रवीण प्रकाश को मकॅनिक के पद में 06 सितंबर 2013 के प्रभाव से भा. मा. स. के कोच्चिन बेस में नियुक्त किया गया ।
- श्री बिलेन्द्र शर्मा को ग्रीझर ग्रेड-। के पद में 07 सितंबर 2013 के प्रभाव से भा. मा. स. के मार्मुगोवा बेस में नियुक्त किया गया ।
- सुश्री द्वीपिका एवं श्री वाय. सुरेश को बहु कार्मिक कर्मचारी (एम टी एस) के पद में 17 सितंबर 2013 के प्रभाव से भा. मा. स. के पोर्ट ब्लेयर बेस में नियुक्त किया गया ।
- डॉ. अंशुमन दास को मात्स्यिकी वैज्ञानिक के पद में 24 सितंबर 2013 के प्रभाव से नियुक्त किया गया एवं भा. मा. स. (मुख्यालय) में तैनात किया गया ।
- सुश्री फेलीसिटस को बहु कार्मिक कर्मचारी (एम टी एस) के पद में 24 सितंबर 2013 के प्रभाव से भा. मा. स. के पोर्ट ब्लेयर बेस में नियुक्त किया गया ।

### पदोन्नतियाँ/स्थानांतरण

- श्रीमती बिंदु के को 16 अगस्त 2013 के प्रभाव से प्रवर श्रेणी लिपिक के पद पर पदोन्नत किया गया एवं भा. मा. स. के मार्मुगोवा बेस में तैनात किया गया ।
- श्री संतोष बाबु को 16 अगस्त 2013 के प्रभाव से प्रवर श्रेणी लिपिक के पद पर पदोन्नत किया गया एवं भा. मा. स. (मुख्यालय ) में तैनात किया गया ।
- श्रीमती आर. शीला को 16 अगस्त 2013 के प्रभाव से प्रवर श्रेणी लिपिक के पद पर पदोन्नत किया गया एवं भा. मा. स. के कोच्चिन बेस में तैनात किया गया ।
- श्री सी. डी. राव, को 26 अगस्त 2013 के प्रभाव से यांत्रिक समुद्री अभियंता के पद पर पदोन्नत किया गया एवं भा. मा. स. के विशाखपट्टणम बेस में तैनात किया गया ।
- श्री के. एम. अब्दुल नाजीर को 18 सितंबर 2013 के प्रभाव से कार्यालय अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया एवं भा. मा. स. के कोच्चिन बेस में तैनात किया गया ।
- श्री वी.वी. श्रीजित, अवर श्रेणी लिपिक को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (मुख्यालय) से भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के मार्मुगोवा बेस में स्थानांतरित किया गया ।
- श्री बोबन जोसी, चौकीदार को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के कोच्चिन बेस से भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के मार्मुगोवा बेस में स्थानांतरित किया गया ।

### सेवा निवृत्तियाँ

- श्री वाय. बी. वी. प्रसाद राव, रफ्रिजरेशन मेकैनिक अधिवर्षिता पर 31 जुलाई 2013 को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के पोर्ट ब्लेयर बेस से सेवानिवृत्त हुए ।
- श्री ब्रम्हानंद जानू नाईक, नेटमेंन्डर, अधिवर्षिता पर 31 जुलाई 2013 को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के मार्मुगोवा बेस से सेवानिवृत्त हुए ।
- श्री पी. नारायणन, वेल्डर, अधिवर्षिता पर 31 जुलाई 2013 को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के कोच्चिन बेस से सेवानिवृत्त हुए ।
- श्री वाय. एन. नाईक, व. लेखाकार, अधिवर्षिता पर 31 अगस्त 2013 को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के मार्मुगोवा बेस से सेवानिवृत्त हुए ।

संकलनकर्ता : कुमारी राजश्री बी सनदी, संपादक: डॉ. एम के सजीवन, हिन्दी अनुवादक: श्री आशिष खरे,
प्रकाशक: श्री प्रेमचंद महानिदेशक: भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, भारत सरकार, कृषि मंत्रालय, बोटावाला चेम्बर्स, सर पी एम रोड, मुम्बई-४०० ००१,
तार: मीना वेबसाईट:htttp:/fsi.gov.in फैक्स: (०२२) २२७०२२७०.दूरभाषा: २२६१७१४४/४५ मुद्रक: ऑनलूकर प्रेस, मुम्बई. दूरभाषा ०२२-२२१८२९३९/३५४४